# जनता की भावनाओं का सौदा करने वालों को मत बख्शना: मुख्यमंत्री

**एसपी जैरथ**

**नाहन :मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को सिरमौर जिला के राजगढ़ में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के लिए पहली जनसभा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की भावनाओं का सौदा करने वालों को बख्शना नहीं है। जनक्रांति के रूप में 1 जून को भाजपा के खिलाफ बटन दबाएं। चारों लोकसभा व छह विधानसभा की सीटें कांग्रेस की झोली में डालें ताकि भाजपा की खरीद फरोख्त की राजनीति के खिलाफ पूरे देश में कड़ा संदेश जाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर को अब सत्ता की बहुत भूख सता रही हैए मुख्यमंत्री रहते वह पांच साल सोए



रहे और पेपर बिकते गए।मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र को खत्म होने से जनता ही बचा सकती है। वोट से चुनी सरकार को नोटों के दम पर गिराने की साजिश रचने से बड़ी लोकतंत्र की हत्या और नहीं हो सकती। 75 साल में अगर लोकतंत्र जिंदा है तो कांग्रेस की नीतियों के कारण है। अगर आज एक चाय बेचने वाला व्यक्ति देश का प्रधानमंत्री है तो यह कांग्रेस की नीतियों से संभव हुआ है।ठाकुर सुखविंदर सिंह ने कहा कि पच्छाद क्षेत्र की जनता का साथ मांगने आया हूंए जब जनबल और भगवान साथ हैं तो फिर भाजपा की सरकार गिराने की साजिशों से घबराने वाला नहीं हूं। महाराष्ट्र और कर्नाटक में पैसे के दम पर सरकार गिराने की भाजपा की साजिश सफल हो गईए लेकिन हिमाचल में इनकी कोशिश सिरे नहीं चढ़ी। भविष्य में इन्हें वोट के जरिये ऐसा सबक सिखाएं कि पूरे देश में हिमाचल मिसाल बने। जनता कोई भी क्रांति ला सकती है, इसलिए इस बार वोट की क्रांति लाएं और 1 जून को उसका अंत करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विनोद सुल्तानपुरी ईमानदार व साफ छवि के हैं। इनके पिता छह बार सांसद रहेए कोई उनका ईमान खरीद नहीं सका।विनोद को संसद में पहुंचाएं ताकि वह आपकी आवाज बुलंद कर सकें। आपके वर्तमान सांसद सुरेश कश्यप ने क्षेत्र का विकास नहीं करवाया, आपदा में विशेष राहत पैकेज लाने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने की हिम्मत तक नहीं जुटा पाए। भाजपा के तीनों सांसदों ने आपदा में सरकार का साथ नहीं दिया न ही प्रधानमंत्री को उत्तराखंड व गुजरात के भुज की तर्ज पर विशेष राहत पैकेज के लिए एक चिट्ठी लिख सके।मुख्यमंत्री ने युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व बीते विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का दामन थामने वाले मनीष ठाकुर को फूलमाला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया।

## इंद्र दत्त लखनपाल के चुनाव प्रचार अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुर:बड़सर** विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी इंद्र दत्त लखनपाल के चुनाव प्रचार अभियान ने पकड़ी रफ्तार। पूर्व भाजपा सरकार में ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष कमलनयन शर्मा भी इंद्र दत्त लखनपाल के साथ चुनाव प्रचार में जुडे। केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर 30 लोगों ने छोड़ा कांग्रेस का साथ थामा भाजपा का दामन। विधान सभा उपचुनाव व लोकसभा चुनावों के प्रचार के दौरान उप प्रधान ग्राम पंचायत जनैहन अशोक पटियाल की अध्यक्षता में तकरीबन 30 परिवारों ने कांग्रेस को छोडकर इंद्र दत लखनपाल की उपस्थिति में भाजपा ज्वाइन की। इस दौरान लखनपाल ने विभिन्न बूथों पर लोगों को संबोधित



करते केंद्र की मोदी सरकार ने जिस तरह से विश्व पटल पर देश को नया मंच दिया है।उसी से प्रभावित होकर धीरे.धीरे लोग कांग्रेस छोडकरभाजपा में शामिल हो रहे हैं आगामी चुनाव में जहां भाजपा पूरी तरह से चुनाव प्रचार प्रसार में जुटी हैं कांग्रेस को प्रत्याशी नहीं मिल पा रहे हैं । जनेहैन, मे लोगों जिनमे जगत राम, बतन चंद,कौशल्या देवी, बद्री नाथ, विनोद कुमार, अनुराधा, सुनीता देवी, हाकम चंद आदि ने भाजपा की जनहित नीतियों से प्रभावित होकर शनिवार को 30 परिवारों ने कांग्रेस छोडकर भाजपा जॉइनिंग की। साथ में लोगों ने यह प्रण भी लिया की भी लिया कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में इंद्र दत्त लखनपाल को विजय बनाएंगे। और अनुराग ठाकुर को भी भारी मतों से लीड दिलाएं गए। इस दौरान संजय बन्यॉल उपाध्यक्ष भाजपा मंडल, ग्राम पंचायत जनहैंन प्रधान उत्तम चंद, ग्राम पंचायत समताना प्रधान बलजीत बीडीसी सद्स्य गुरप्रीत, अनिल, इत्यादि शामिल रहे।

## न्यूज फ्लैश

### मंडी जिला 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का पंजीकरण करने में प्रदेश में सबसे आगे

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:मंडी** जिला 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का नाम मतदाता सूची दर्ज करने में पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। संभावित जनसंख्या 37115 के मुकाबले अब तक 31840 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। पंजीकरण का कार्य 4 मई तक जारी रहेगा। इससे यह उम्मीद है कि जिला में शत प्रतिशत युवा मतदाताओं का पंजीकरण हो जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि जिला में 18 से 19 आयु वर्ग की संभावित जनसंख्या 37115 के मुकाबले 31840 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिए गए हैं। जिला मंडी पंजीकरण के मामलों में पूरे प्रदेश में सबसे आगे है। जिला की करसोग विधानसभा में संभावित जनसंख्या के मुकाबले लगभग शत प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जोड दिए गए हैं वहीं धर्मपुर विधानसभा में 26.26 प्रतिशत युवाओं के मतदाता सूची में जोड़े जाने हैं। अभी तक धर्मपुर में 3523 संभावित जनसंख्या के मुकाबले 2598 युवाओं के नाम ही जोड़ दिए गए हैं। सुंदरनगर में 3675 के मुकाबले 3128, नाचन में 3761 के मुकाबले 3328, सराज में 3627 के मुकाबले 3324, द्रंग में 3942 के मुकाबले 3738, धर्मपुर में 3523 के मुकाबले 2604, मंडी में 3527 के मुकाबले 2837, बल्ह में 2540 के मुकाबले 3148 और सरकाघाट में 3900 के मुकाबले 3144 युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा चुके हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि एक जनवरी से अब तक 11675 मतदाताओं ने मतदाता सूची में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है जिसमें से 10327 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में पंजीकरण किया जा चुका है। धर्मपुर विधानसभा में सबसे अधिक 1813 युवाओं ने जबकि बल्ह विधानसभा में सबसे कम 794 युवाओं ने पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि 4 मई तक पूरे जिला में एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष की आयु पूरी करनी वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ दिया जाए। इसके लिए घर-घर दस्तक दी जा रही है। स्वीप के माध्यम से भी मतदाता सूची में नाम जोड? के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने के लिए निर्वाचन विभाग की वेबसाइट सीईओ हिमाचल डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध प्रपत्र-6 ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है या मोबाइल के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करके पंजीकरण के लिए आवेदन किया जा सकता है।

## बाल विवाह-एक कानूनी अपराध एवं सामाजिक कंलक: एसडीएम

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:एसडीएम** सुन्दरनगर गिरीश समरा की अध्यक्षता में बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। एसडीएम गिरीश समरा ने बताया कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध एवं सामाजिक कंलक है। बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत लडकी की विवाह की न्युनतम आयु 18 वर्ष तथा लडके की 21 वर्ष है। यदि कोई इसका उल्लंघन करता है तो लडका, लडकी के माता-पिता एवं विवाह में शामिल होने वाले सभी लोगों पर इस अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही जिसमें कम से कम दो वर्ष का कारावास एवं एक लाख रुपए तक का जुमार्ना अथवा दोनों हो सकते है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह होने की सूरत में संबंधित अभिभावकों, संलिप्त मैरिज हॉल, पंडित, मौलवी, अभिभावक, रिश्तेदार, पड़ोसी, बैंडवाले, टैंटवाले, डीजे और कैटर्स भी अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा उनको भी कड़ी सजा व जुमार्ने का प्रावधान है। इस कार्यशाला में बाल विवाह निषेध अधिकारी शिव सिंह वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक गम्भीर समस्या है तथा इसकी रोकथाम एक चुनौती बन गया है। इसकी रोकथाम हेतु प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है।

## कल सैनिक आरामघर पांवटा साहिब में लगेगा मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** भूतपूर्व सैनिक संगठन पांवटा साहिब व शिलाई क्षेत्र व ई-एडेन केयर होस्पिटल चंडीगढ़ आपसी सहयोग से क्षेत्र के समस्त जनमानस के लिए 28 अप्रैल 2024 को स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने जा रहा है। जिसमें की प्रख्यात डॉक्टरों द्वारा सभी प्रकार के चिकित्सा परामर्श एवं शूगर, बीपी तथा ईसीजी इत्यादि की जांचे बिल्कुल मुफ्त में की जाएगी। इसकी सूचना संगठन के अध्यक्ष करनैल सिंह व पूर्व अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह चौहान ने दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से वर्तमान में




आमजनमानस को काफी सुविधा घर द्वार ही मिल जाती है। जिससे कि कई लोग समय पर घर द्वार पर ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं।


उन्होंने कहा कि दिनांक 28 अप्रैल 2024 दिन रविवार को प्रातः 9 बजे सैनिक आराघर परिसर में पहुंचकर आप सभी भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते है।

संगठन के पदाधिकारी ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की कि सभी लोग समय पर पहुंचकर अपने स्वास्थ्य जांच करवाकर लाभ प्राप्त करें।

## राहत प्रकरण के पैसों की सरकार ने की बंदरबांट: प्रताप रावत

**एसपी जैरथ**

**नाहन** :सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत प्रकरण के पैसो में बंदर बांट कर अपने करीबियों को लाभ पहुंचाया है और इसमें गरीब व पात्र लोगों की अनदेखी की है रावत ने बताया कि जिन लोगों का सचमुच में ही भारी वर्षा के कारण नुकसान हुआ था उन लोगों को आज तक भी राहत प्रकरण का पैसा नहीं मिला है जिससे गरीब व पात्र लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को बहुत सारा पैसा दिया था लेकिन मुख्यमंत्री



सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन पैसों के बंटवारे में धादली कर अपने गरीबियों को लाभ पहुंचाया है लेकिन पात्र लोग आज भी इन पैसों का इंतजार कर रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राहत प्रकरण के नाम पर बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं रावत ने बताया कि जब-जब भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती है तब तब कांग्रेस पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता दोनों हाथों से लूटने का काम करते हैं।

## मतदान जागरूकता के लिए 'रन फ ॉर वोट' मैराथन आयोजित

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैल चौक सरस्वती विद्या मंदिर गणेश चौक के छात्र छात्रों ने भाग लिया

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: सहायक चुनाव** अधिकारी चुनाव क्षेत्र नाचन (अ जा) गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की देखरेख में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर ने मतदान जागरुकता के लिए एक मैराथन रन फॉर वोट का अयोजन किया एसडीएम गोहर श्री लक्ष्मण कनेट ने रन फॉर वोट मैराथन का शुभारम्भ किया उनके साथ स्थानीय पंचायत के उपप्रधान तरूण कुमार शर्मा और प्रधानाचार्य डीएवी श्री चंदेश्वर कुमार शर्मा उपस्थित रहे स मैराथन में डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर ,



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोहर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चैल चौक सरस्वती विद्या मंदिर गणेश चौक के छात्र छात्रों ने भाग लिया मैराथन में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम स्थान हितेश सीनियर सेकेंडरी स्कूल चैलचौक द्वितीया स्थान तुषार डीएवी गोहर तृतीया स्थान मुकुल डीएवी गोहर, चतुर्थ स्थान इशांत डीएवी गोहर, पांचवे स्थान दिवेश राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक रहे स वहीं श्रेणी वर्ग की छात्रों में प्रथम स्थान मोनिका डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर, द्वितीया स्थान लक्ष्मी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक, तृतीया स्थान रिजुल डीएवी गोहर, चौथा स्थान कनिष्क राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक, पांचवीं स्थान परिधि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहर।19 साल से कम आयु वर्ग में बालकों के प्रथम स्थान पीयूष द्वितीया भूपेन्द्र तृतीया तुषार चौथे स्थान प्रति गगन यह सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहर स 19 वर्ष आयु वर्ग की कन्याओं ने हेमलता प्रथम नेहा द्वितीया, रितिका तृतीया, तान्या चतुर्थ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चैलचौक और पांचवे स्थान मन्नत ठाकुर डीएवी गोहर रही।

## मुख्यमंत्री सुक्खू कार्यकर्ताओं के साथ केलांग में बनाएंगे चुनावी रणनीति

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग : प्रदेश** के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू , 28 अप्रैल 2024 को जिला लाहुल स्पीति के जिला मुख्यालय केलांग में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के लिए आगामी रणनीति बनाएंगे साथ ही उम्मीदवार के चयन को लेकर बैठक करेंगे। मुख्यमंत्री आज प्रातः 10:55 पर हेलीकॉप्टर से स्टिंगरी हेलीपेड पहुंचेगे और 11:15 बजे जिला मुख्यालय केलांग के होटल चन्द्रभागा में जिला कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा, विधानसभा उपचुनाव और पार्टी उम्मीदवार को लेकर कर गहन चर्चा करेंगे। यह जानकारी जिला पार्टी प्रवक्ता अनिल सहगल ने मीडिया को सांझा करते हुए कहा कि पार्टी के जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर को शिमला से दूरभाष पर मुख्यमंत्री के लाहौल दौरे की जानकारी मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विवेक भाटिया ने दी। जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जिला महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल, फ्रंटल विंग के सभी अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के अलावा उपचुनाव में टिकट के लिए कांग्रेस के उन सभी दावेदारों से विशेष रूप से आग्रह किया है कि 28 अप्रैल 2024 को केलांग स्थित होटल चन्द्रभागा में पहुंच कर अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज करवाएं ताकि मुख्यमंत्री का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा सके। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों से यह भी आग्रह किया है कि अपने साथ-साथ पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं को भी उक्त कार्यक्रम की जानकारी अवश्य दे ताकि मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाया जा सके।

## प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में 346 मतदान अधिकारियों ने लिया भाग

**एसपी जैरथ**

**नाहन** : लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन में चुनावी ड्यूटी पर तैनात पोलिंग अधिकारियों को प्रथम पूर्वाभ्यास करवाया गया। इस पूर्वाभ्यास कार्यक्रम में लगभग 346 पोलिंग अधिकारियों ने भाग लिया। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम नाहन सलीम आजम ने इस अवसर पर सभी पोलिंग आफिसर को अपनी इस संवैधानिक जिम्मेवारी को गंभीरतापूर्वक निभाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के संचालन में मतदान



अधिकारियों की अहम भूमिका है और सभी मतदान अधिकारियों को निर्धारित नियमों के अनुरूप मतदान कार्य को संचालित करना चाहिए। एसडीएम ने कहा कि आज प्रथम पूर्वाभ्यास के दूसरे दिन सम्बन्धित नोडल अधिकारियों ने चुनाव प्रक्रिया के सुचारू संचालन की संपूर्ण जानकारी चुनावी डियुटी में तैनात मतदान अधिकारियों को उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि द्वितीय चरण के पूर्वाभ्यास में मतदान अधिकारियों की विभिन्न शंकाओं को दूर किया जायेगा।

## दो चरणों के मतदान से निराशा में भाजपा: चौहान

**चमन शर्मा**

**शिमला:** देश में हुए दो चरणों के मतदान के बाद हिमाचल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है। शिमला में पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष महेश्वर चौहान ने कहा कि दो चरण के मतदान में भाजपा को निराशा हाथ लगी हैं और 400 पार का नारा फैल होता नजर आ रहा है। भाजपा काल्पनिक बातो पर चुनाव प्रचार कर रही है और पिछले दस साल में देश आर्थिक रूप से पिछड़ा है। बेरोजगारी और मंहगाई भाजपा का बड़ा एजेंडा था लेकिन दस साल में न महगाई कम हुईं और न ही बेरोजगारी खत्म हुईं है। महेश्वर



चौहान ने कहा कि ईडी और सीबीआई को हथियार के रुप में भाजपा इस्तेमाल कर रही है और चुनी हुई राज्यो की गैर भाजपा सरकार को गिराने का भाजपा देश भर प्रयास कर रही है। इंडी गठबंधन से भाजपा को डर लग रहा है। हिमाचल के चुनाव हिमाचलियत पर लड़ा जा रहा है और केंद्रीय मुद्दो के आलावा स्थानीय मुद्दों पर चुनाव लड़ा जाएगा। कोविड में भ्रष्टाचार भाजपा की तत्कालीन सरकार ने किया और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को बदलना पड़ा। आपदा में भाजपा ने किसी भी प्रकार मदद नहीं की लेकिन कांग्रेस सरकार ने 4500 करोड़ का राहत पैकेज दिया। भाजपा ने केवल रोड़े अटकाने का ही काम किया है। महिलाओं को 1500 रुपए देने की योजना सरकार ने शुरू की लेकिन भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत कर उसे भी रोकने का काम किया। कांग्रेस के प्रत्याशी घोषित होते ही भाजपा चिंता के पड़ गई है।शिमला और मंडी संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत तय है। अन्य दो सीट पर भी कांग्रेस बहुत जल्द प्रत्याशी का ऐलान कर देगी।

## उपायुक्त ने सिरमौर में अफीम की अवैध खेती पर चिंता की जाहिर

**एसपी जैरथ**

**नाहन: उपायुक्त सिरमौर** सुमित खिमटा ने सिरमौर जिला में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गैर कानूनी अफीम की खेती की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग को कृषि तथा अन्य सम्बन्धित विभाग के साथ आपसी तालमेल से कार्य करना चाहिए ताकि अपराधियों को पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि अवैध नशे का कारोबार समाज के अत्यंत घातक है और इसकी चपेट में हमारा युवा वर्ग लगातार आ रहा है। उपायुक्त सुमित खिमटा आज नाहन में एनकोर्ड की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि ओपियम की अवैध खेती जहां जिला प्रशासन और पुलिस के लिये चिंताजनक है वहीं यह स्वस्थ समाज के लिये भी एक गंभीर चेतावनी है। उन्होंने पुलिस से आग्रह



किया कि जिला में इस प्रकार की अवैध खेती की रोकथाम के लिए अधिक से अधिक कार्रवाई की जाये।सुमित खिमटा ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों को भी इस प्रकार के नशे के अवैध कारोबार पर नजर रखनी चाहिए और इसकी सूचना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंचायती राज एक्ट और एनडीपीएस एक्ट में पंचायतों की जिम्मेदारी को स्पष्ट किया गया हैए इसलिए पंचायत प्रतिनिधि अपनी जिम्मेवारी निभायें और अफीम की अवैध खेती सहित अन्य अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री की सूचना पुलिस को प्रदान करें।सुमित खिमटा ने स्कूली स्तर पर नशीलों पदार्थों के सेवन के विरूद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाने के लिए शिक्षा विभाग को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में लगातार जागरूक किया जाये।उपायुक्त ने जिला में चल रहे पांच नशा मुक्ति केन्द्रों के औचक निरीक्षण के निर्देश भी दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम और अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को नशा मुक्ति केन्द्र के नियमित निरीक्षण के लिए कहा। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला में वर्तमान में पांच नशा मुक्ति केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं जिसमें एक बड़ू साहिब मेंए एक पांवटा में और तीन नाहन क्षेत्र में संचालि किये जा रहे हैं।

## बदलते मौसम में ओलावृष्टि ने तोड़ी किसानों की कमर

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर: एक** तरफ मौसम बदल रहा है तो दूसरी तरफ जाते हुए सर्दी के मौसम में एक बार पुनः करवट लेते हुए आज गोहर क्षेत्र के आसपास भयंकर ओलावृष्टि हुई जिससे मटर और टमाटर की फसल बुरी तरह से तबाह हो गई है।गौरतलब है कि बणी नौण चच्योट खारसी मौवीसेरी क्षेत्रों में करोड़ों रुपए के मटर और टमाटर का व्यापार किया जाता है मगर ओलावृष्टि ने मटर और टमाटर की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। क्षेत्र में मटर का सीजन पुरे पीक पर है रोजाना दर्जनों भर गाडियां हरा मटर लेकर बाहरी राज्यों के लिए रवाना हो रही है। मगर ओलावृष्टि के कारण खड़ी मटर की फसल लगभग तबाह हो चुकी है। वहीं पर



आजकल टमाटर की बूटे भी खेतों में तैयार हो चुके हैं मगर ओलावृष्टि के कारण मटर और टमाटर बुरी तरह तबाह हो गया है। जिससे लोगों को आने वाले समय में करोड रुपए का नुकसान सामने नजर आ रहा है।किसानों के चेहरे पर मायूसी साफ झलक रही है। क्षेत्र के मटर व्यापारी नरपत राम सोहनलाल पवन कुमार शशि भूषण रामलाल नरेंद्र कुमार नवीन कुमार प्रवीण कुमार पुर्ण चंद कर्म सिंह लक्ष्मण सिंह सहित दर्जनों किसान व्यापारियों ने बताया की ओलावृष्टि के कारण आने वाली टमाटर की व खड़ी मटर की फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है जिसे किसानों को करोड रुपए का नुकसान उठाना पड़ेगा।

# अब मात्र ढाई घंटे में तैयार होंगे कृत्रिम हीरे



**एसपी जैरथ**

**नाहन :** जिला सिरमौर के दूरदराज के ग्रामीण इलाके से संबंध रखने वाले एक युवा डा. बीआर शर्मा ने न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त की है। जिला सिरमौर के शिलाई तहसील के गांव हकाईना के भौतिक वैज्ञानिक डॉ. बाबूराम शर्मा ने हीरे बनाने की एक ऐसी तकनीक ईजाद की है जो चंद घंटे में ही हीरे तैयार कर सकती है। दक्षिण कोरिया में 15 सदस्य रिसर्च टीम में भारत के एकमात्र भौतिक वैज्ञानिक डॉक्टर बाबूराम शर्मा भी शामिल है। जो इस नई तकनीक पर कार्य कर रहे हैं कि किस प्रकार से कम समय में हीरो को तैयार किया जा सके। गौर हो कि अक्सर हीरा प्राकृतिक रूप से अरबों साल में तैयार होता है, लेकिन डा. बाबूराम शर्मा की टीम ने एक ऐसा मैकेनिज्म तैयार किया है।
जिसके माध्यम से हीरे मात्र 150 मिनट में तैयार किया जा सकता हैं। यंगवार्ता से बातचीत में डा.बाबूराम शर्मा ने बताया कि वर्ष 2017 में उनका चयन दक्षिण कोरिया के इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस में हुआ जहां वह इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अमेरिकी मूल के विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रोफेसर रोडनी रोउफ की टीम के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 सदस्य टीम में वह एकमात्र भारतीय वैज्ञानिक है। जो भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में रिसर्च में लगे हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर के दूरदराज के ग्रामीण इलाके शिलाई के हकाईना से संबंध रखने वाले डाण बीआर शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय हाई स्कूल द्राबिल से हुई, जबकि जमा दो की परीक्षा उन्होंने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र पांवटा साहिब से की। उसके बाद बीएससी पीजी कॉलेज नाहन जबकि एमएससी गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर से की और पीएचडी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस बेंगलुरु से पास की। बाबूराम शर्मा ने बताया कि 15 सदस्य टीम हीरो को किस प्रकार कम समय में तैयार किया जाए, इस इस मेकेनिज्म पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा तैयार किए गए मेकैनिज्म की मार्फत यह कार्य चंद घंटे में ही हो सकता है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक हीरे को जमीन के अंदर अत्यधिक दबाव और तापमान में बनने में अरबों साल लगते हैं। सिंथेटिक रूपों का उत्पादन बहुत तेजी से किया जा सकता है, लेकिन आम तौर पर उन्हें अभी भी कई हफ्तों तक गहन कुचलने की आवश्यकता होती है। तरल धातुओं के मिश्रण पर आधारित एक नई विधि किसी भी बड़े दबाव की आवश्यकता के बिना, कुछ ही मिनटों में एक कृत्रिम हीरे को बाहर निकाल सकती है।

जबकि उच्च तापमान की अभी भी आवश्यकता थी, 1,025 डिग्री सेल्सियस या 1,877 डिग्री फारेनहाइट के क्षेत्र में, 150 मिनट में और 1 एटीएम या मानक वायुमंडल इकाई पर एक सतत हीरे की फिल्म बनाई गई थी। यह उस दबाव के बराबर है जो हम समुद्र तल पर महसूस करते हैं, और सामान्य रूप से आवश्यक दबाव से हजारों गुना कम है। दक्षिण कोरिया में इंस्टीट्यूट फॉर बेसिक साइंस के शोधकताओं के नेतृत्व में नवोन्वेषी दृष्टिकोण के पीछे की टीम को विश्वास है कि सिंथेटिक हीरे के उत्पादन में महत्वपूर्ण अंतर लाने के लिए इस प्रक्रिया को बढ़ाया जा सकता है। हीरे के निर्माण के लिए कार्बन को तरल धातु में घोलना पूरी तरह से नया नहीं है। उदाहरण के लिए, जनरल इलेक्ट्रिक ने आधी सदी पहले पिघले हुए लौह सल्फाइड का उपयोग करके एक प्रक्रिया विकसित की थी। लेकिन इन प्रक्रियाओं के लिए अभी भी कार्बन को चिपकने के लिए 5-6 गीगा पास्कल और एक हीरे के बीज के दबाव की आवश्यकता होती है।

# मलेरिया डेंगू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार: सीएमओ

**अभियान**

**8 डेंगू मलेरिया के मामलों को लेकर विभाग ने लोगों को जागरूक करने के मकसद से कार्यक्रम की शुरूआत की है**



**एसपी जैरथ**

**नाहन :** जिला सिरमौर में डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क गए है। जिला के आसपास के क्षेत्र में लगातार बढ़ते डेंगू मलेरिया के मामलों को लेकर विभाग ने लोगों को जागरूक करने के मकसद से कार्यक्रम की शुरूआत की है। आज नाहन में एक जागरूकता वाहन को सीएमओ डॉ अजय पाठक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जो लोगों को डेंगू मलेरिया की रोकथाम को लेकर जागरूक करेगा। दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू मलेरिया के अगर मामले सामने आते हैं तो उसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली है।मीडिया से रूबरू हुए जिला के सीएमओ डॉ अजय पाठक ने बताया कि शहर में आज एक डेंगू मलेरिया की रोकथाम को लेकर लोगों को जागरूक करने के मकसद से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। इसके अलावा डेंगू मलेरिया के मामले अगर सामने आते हैं तो सब सेंटर तक स्वास्थ्य विभाग ने दवाइयां समेत जांच कीटों का भंडारण कर लिया है। लोगों को डेंगू मलेरिया को लेकर जागरूक होना बेहद जरूरी है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त चंबा ने अवरुद्ध खड़ा मुख-होली सडक मार्ग का किया निरीक्षण

**हामिद**

**चंबा :उपायुक्त चंबा** मुकेश रेपसवाल ने खड़ामुख-होली मार्ग पर सुहागा नामक स्थान पर हुए भूस्खलन के कारण क्षतिग्रस्त सडक मार्ग व भरमौर-ग्रीमा-ज्यौरा लकड़ी पुल रास्ते का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया तथा मार्ग खोलने संबंधी कार्य प्रगति बारे विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की ज्यौरा लकड़ी पुल की सुरक्षा को मद्देनजर बड़े तथा मालवाहक वाहनों की आवाजाही को वर्जित किया जाए ।उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा इस पुल पर निरंतर निगरानी की जाए ताकि अत्यधिक भारी वाहनों के कारण इस पुल को क्षति न हो ।उन्होंने कहा कि खड़ा मुख-होली मार्ग खुलते ही ज्यौरा स्टील ब्रिज का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाए ।इस दौरान उन्होंने स्थानीय प्रशासन के साथ आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता के बारे में भी गहन विचार विमर्श किया। उपायुक्त ने बताया कि होली क्षेत्र में मई माह तक का राशन डिपो के माध्यम से पहुंच चुका है और रसोई गैस की सप्लाई आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है।

### रियलमी ने 9999 रुपये के शुरूआती मूल्य में सबसे तेज एंट्री लेवल स्मार्टफोन रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया

**शिमला: सबसे** भरोसेमंद सेवा प्रदाता रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज रियलमी सी सीरीज में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिजाईन हैए जो यूजर्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग,कैमरा टेक्नोलॉजी,और डिजाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों चार्जिंग,कैमरा,स्टोरेज,और डिजाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है ।रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज में अत्याधुनिक स्मार्टफोन रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूजर के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। अनुज सिद्धार्थ डिप्टी डायरेक्टर मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस मीडियाटेक ने कहा मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा क्वालिटी को सपोर्ट करता है। बैटरी लाईफ बढ़ाने के लिए इसमें टीएसएमसी 6एनएम क्लास चिप होती है। उन्होंने आगे कहा रियलमी सी65 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0 प्लस के साथ आता है जो बेहतरीन एफिशियंसी,परिस्थिति के अनुरूप इंटैलिजेंट विशेषताएं,मीडियाटेक हाईपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी प्रदान करता है और 108 मेगापिक्सल कैमरा सेंसर को सपोर्ट कर बिलियन कलर डिस्प्ले के साथ काफी विस्तृत फोटो संभव बनाता है। रियलमी सी65 5जी एक क्रांतिकारी स्मार्टफोन है जिसका उद्देश्य युवाओं को किफायती मूल्य में बेहतरीन अनुभव प्रदान करना है। इसमें विश्व का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट लगा है जो शक्तिशाली परफॉर्मेंस के साथ स्मूथ ऑपरेटिंग अनुभव सुनिश्चित करता है।

### संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओरेस लिमिटेड और प्राइवेट इक्विटी फर्म ए डी वी पार्टनर्स ने एसएमआईओआरई की ओर से आर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण किया

**चंडीगढ़: आर्जस** स्टील प्राइवेट लिमिटेड में नियंत्रण बढ़ाने के लिए संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओरेस लिमिटेड ने एशिया केंद्रित एक निजी इक्विटी फर्म ए डी वी पार्टनर्स के साथ एक शेयर पर्चेस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया है यह सौदा ?3000 करोड़ में किया गया है और इस पर सामान्य नियामक प्रमाणिक मंजूरियां और समापन शर्तें लागू होंगी इस सौदे के माध्यम से ए डी वी अपने भारतीय पोर्टफोलियो से एक और सफल निकास कर लिया,यह रणनीतिक व्यावसायिक अधिग्रहण एसएमआईओआरई को आगे के एकीकरण की योजनाओं को तेजी से बढ़ावा देता है स्टील और वैल्यू एडेड उत्पादों और अनेक सहक्रियाओं और एकीकरण की संभावनाओं को खोलता है आर्जस भारत में ऑटोमोबाइल सेक्टर को आपूर्ति करने वाले शीर्ष 5 विशेष इस्पात निमार्ताओं में से एक है ।आर्जस लगभग 950 एकड़ में फैले 2 संयंत्रों को संचालित करता है इसका मुख्य उत्पादन संयंत्र आंध्र प्रदेश में है और एक और संयंत्र पंजाब में है जिसे इसकी पूर्णत स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आर्जस मॉडर्न स्टील प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से चलाया जाता है आर्जस वर्तमान में अपनी दोनों प्लांटों में एक बड़े विस्तार के दौर से गुजर रहा है जिससे इसकी समेकित क्षमता में वृद्धि होगी और साथ ही इसकी डाउनस्ट्रीम सुविधाओं का भी विस्तार होगा।

# पीठासीन-सहायक पीठासीन अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू :** लोकसभा चुनाव-2024 के तहत कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को आज राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही मतदान प्रक्रिया को संपन्न करने के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से भी अवगत करवाया गया। सहायक रिटर्निंग आफिसर व उपमंडल अधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला ने मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को अपनी टीम सहित चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि इस बारे अंतिम प्रशिक्षण व रिहर्सल मई माह में करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों को निर्देश पुस्तिका भी उपलब्ध करवाई गई है तथा इसमें मतदान प्रक्रिया को लेकर सभी बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है ताकि किसी भी स्तर पर पीठासीन अधिकारियों व सहायक पीठासीन अधिकारियों के मन में किसी भी तरह का संशय नहीं रहे।

# सिरमौर पुलिस का नशे के खिलाफ विशेष अभियान जारी :एसपी सिरमौर

**एसपी जैरथ**

**नाहन :** जिला सिरमौर के एसपी रमन कुमार मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस विभाग का विशेष अभियान जारी है। युवा पीढ़ी को नशे से बचने के लिए आज अभिभावकों का सहयोग बेहद जरूरी है।अभिभावकों को अपने बच्चों पर नजर रखना और उन्हें नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना चाहिए। पुलिस विभाग भी लगातार युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से निकलने और नशा तस्करों को धरदबोचने के लिए कार्य कर रहा है। एसपी नाहन के रियासत काल में स्थापित शमशेर



जमा दो स्कूल में आयोजित नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे थे।
एसपी रमन कुमार मीणा ने कहा कि आज युवा पीढ़ी ड्रग समेत अन्य नशे की लत से पीड़ित है अभिभावकों को अपने बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए लगातार नजर रखने और नशा तस्करों की सूचना पुलिस विभाग को देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। यहां आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में भी वह स्वयं स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जानकारी देने पहुँचे हैं।

उन्होंने बताया कि जिला में नशा तस्करों की धरपकड़ करने के लिए लगातार बीते वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष तेज गति से कार्य किया जा रहा है और बीते वर्ष की अगर बात करे तो इस वर्ष और अधिक मामले नशा तस्करों पर दर्ज हुए है।

# हिमाचल में आचार संहिता की 813 शिकायतें

शिमला: हिमाचल प्रदेश में बीते 40 दिनों में निर्वाचन विभाग को आचार संहिता की 800 से अधिक शिकायतें मिली हैं। इनमें 90 फीसदी शिकायतों को निपटा दिया गया है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आम चुनाव का एलान होने के बाद पूरे देश में 16 मार्च को चुनाव आचार संहिता लागू हो गई थी। हिमाचल में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरान्त निर्वाचन विभाग को 813 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इनमें राज्य एवं जिला सम्पर्क केंद्रों पर राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल (एनजीएसपी) व कॉल सेंटर के माध्यम से 485 शिकायतें मिली हैं।

# केलांग में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नरेंद्र अंगारिया**

**केलांग : जनजा**तीय जिला लाहौल स्पीति के मुख्यालय केलांग में विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस में इस वर्ष के थीम श्पशु चिकित्सक आवश्यक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं पर चर्चा आयोजित की गई। उपनिदेशक पशु स्वास्थ्य एवं प्रजनन केलांग डॉक्टर अभिताभ ठाकुर ने अध्यक्षता करते हुए विश्व पशु चिकित्सा दिवस की विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। डॉ अभिताभ ने कहा कि विश्व पशु दिवस पशु चिकित्सकों के समर्पण और कड़ी मेहनत के सम्मान के लिए आयोजित किया गया है।इस दिन का मुख्य उद्देश्य दो चीजों के प्रति जागरूक करना है जिसमें मुख्यतः पशु स्वास्थ्य देखभाल और पशु क्रूरता रोकना है। उन्होंने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल करना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि मनुष्यों की सेहत का। उन्होंने कहा कि नियमित जांच, टीकाकरण और



उचित आहार से पशुओं को स्वस्थ और खुश रखने में मदद मिलती है लेकिन दुर्भाग्य से, दुनिया भर में अभी भी बहुत से पशु क्रूरता का शिकार होते हैं। विश्व पशु चिकित्सा दिवस हमें पशुओं के प्रति दयालु होने और उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। डॉक्टर अमिताभ ने बताया की जिला लाहौल स्पीति में पशु औषधालयों व अस्पताल में मुफ्त जांच और टीकाकरण शिविर समय-समय पर आयोजित किए जा रहें हैं जिससे पशुपालकों को लाभान्वित किया जा रहा है। डॉ अभिताभ ठाकुर ने कहा की विश्व पशु चिकित्सा दिवस हमें पशुओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी को याद दिलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। डॉ अभिताभ ने लोगों से आग्रह किया की हम सब को मिलकर पशुओं के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित दुनिया बनाने का प्रयास करें। विश्व पशु चिकित्सा दिवस का मुख्य उद्देश्य पशुओं के स्वास्थ्य और चिकित्सा के महत्व को समझाना और पशुपालकों को उनके पालतू और जंगली पशुओं के लिए सही देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है।

# फंग्वास और घीड़ी मे बताया मतदान का महत्व



**सुभाग सचदेवा**

**गोहर : 'मा भी पाणा वोट थीम पर आधारित नाचन** विधानसभा की स्वीप टीम ने आज एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फंग्वास और घीड़ी में जाकर मतदान तथा इसके महत्व की बात समझाई। एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। बच्चो को बताया गया कि आप अपने घर में जाकर भी यह बताएं कि कोई मतदाता सूची से पंजीकृत होने से वंचित न हो। अगर ऐसा है तो भी 4 मई तक पंजीकृत हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त जो युवा 1 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष के हो चुके हैं वो भी 4 मई तक 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं। एसडीएम गोहर ने बच्चो को मतदाता जागरूक अभियान में अपना ब्रांड एम्बेसडर बताया। साथ ही बच्चों से आह्वान किया कि 1 जून 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव वाले दिन बच्चे इस दिन अपने घरवालों और अन्य लोगों को साथ लेकर के अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर भरपूर मतदान करने को प्रेरित करें तथा नाचन में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सहयोग करें। एसडीएम गोहर ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव नाचन में 81प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। घीड़ी स्कूल में बीडीओ करसोग वैशाली शर्मा विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों और उपस्थित लोगों को विस्तृत रूप से मतदान का महत्व समझाया और मतदान के प्रति जागरूक किया।स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पेंटिंग, नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिता में प्रथम और द्वित्तीय स्थान पाने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट बांटे गए। फंग्वास स्कूल के पेंटिंग में जागृति और तुलसी, नारा लेखन में अनु और तुलसी कुमारी, भाषण में भारती और कल्पना क्रमशः प्रथम और द्वित्तीय स्थान पर रहे। घीड़ी स्कूल के पेंटिंग प्रतियोगिता में राहुल और जया, नारा लेखन में रूबी और भूमिका, भाषण में निकिता ठाकुर और वुशाली ठाकुर क्रमशः प्रथम और द्वित्तीय स्थान पर रहे।

# मनाली की समस्याओं के संदर्भ में पूर्व मंत्री से की मुलाकात

## व्यापार मंडल मनाली के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष से भेंट की, मांगों को समक्ष रखा

**राज अग्रवाल**

**मनाली : व्यापार** मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर के नेतृत्व में उनके एक प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर के साथ मुलाकात की और उन्हें मनाली शहर की कुछ समस्याओं से अवगत करवाया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर से मनाली में बढ़ रहे नशे का व्यवसाय करने वाले लोगों पर नकेल कसने और शहर को साफ व सुंदर रखने सहित अन्य समस्याओं पर मदद करने का आवाहन किया है। गोविंद ठाकुर ने कहा कि व्यापार



मंडल ने मनाली के हित और कल्याण से संबंधित जो सुझाव उनके समक्ष रखे हैं वह सराहनीय है। निश्चित तौर से उनके सुझावों को वह प्रशासन और सरकार के समक्ष उठाएंगे। गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि ऐसी संस्थाएं गैर राजनीतिक संस्थाएं होती है। इनमें हर विचारधारा के लोग जुड़े हुए होते हैं। उन्होंने कहा कि जब सभी लोग मिलकर अपने शहर के हित के लिए कार्य करते हैं तो यह एक सराहनीय कदम होता है।वहीं व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर का आभार व्यक्त किया और कहा कि वह मनाली में बढ़ रहे नशे को रोकने के लिए प्रशासन और सरकार को हरसंभव सहयोग करेंगे।इस अवसर पर नगर परिषद मनाली के उपाध्यक्ष मनोज लार्जेए होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ठाकुरए व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर और उनके समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा व कांग्रेस सरकारें ब्रॉडगेज लाइन में बदलने हुए फीसदी साबित

## हिमाचल प्रदेश की बहुचर्चित कांगड़ा घाटी रेल लाइन चुनावी वायदो में अक्सर सिमट कर रह गई है

**विजय समयाल**

**कांगड़ा :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ-साथ प्रदेश के चार लोकसभा के सदस्य रहने के बावजुद भी कांगड़ा की बहुचर्चित रेलवे लाईन ब्रॉडगेज लाइन में बदलने रहे नाकाम हिमाचल प्रदेश की बहुचर्चित कांगड़ा घाटी रेल लाइन चुनावी वायदो में अक्सर सिमट कर रह गई है ।पिछले काफी वर्ष से गाडियां वन्द होने के कारण हजारों यात्री परेशान। भारत सरकार के रेल मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस पर भी कोई जनहित में गौर नहीं किया ।70 सालों में 164 किलोमीटर के रेल ट्रैक को ब्रॉडगेज लाइन में बदलने का किसी भी भारत सरकार ने प्रयास नही किया। कांगड़ा रेल लाइन ने स्वतन्त्र भारत के सभी रेलवे बजटों में उदासीनता और उपेक्षा को सहन किया है ।पठानकोट से जोगिंदर नगर तक चलने वाली कांगड़ा वैली कहने को तो हेरिटेज है परंतु 164 किलोमीटर रेल मार्ग की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। पठानकोट जोगिंदर नगर मार्ग पर164 किलोमीटर बनी रेल लाइन का इतिहास काफी हैरान करने वाला है कांगड़ा घाटी का निर्माण अंग्रेजी हुकूमत में महज 3 साल में पूरा कर लिया गया था, जिसमें 993 छोटे बड़े पुल है तथा चक्की का पुल सबसे लंबा 800 मी है । लेकिन चक्की पुल



को टूटे हुए 20 महीने से अधिक का समय हो गया है और पिछले 20 महीनों से हजारों यात्री रेल गाडि?ां बहाल न होने के कारण मंहगे सफ? की चक्की में पीस रहे हैं ।चक्की पुल बहने के बाद रेल विभाग पठानकोट से नूरपुर से पठानकोट तक तो गाडि?ां चलाने में तो असमर्थ है परंतु नूरपुर से जोगेंद्र नगर तक तो रेल गाडि?ां चलाई जा सकती हैं जबकि नूरपुर से ज्वालामुखी तक हजारों लोगों का यातायात का एकमात्र साधन रेलगाड़ी ही है वर्ष 2011-12 के वाद चक्की पुल 12 सालों में दूसरी बार टूटा है। इस दरिया में काफी सालों से अवैध खनन होता रहा है वता दे कि कांगड़ा घाटी रेल लाइन चुनावी वायदे में पुरी तरह फेल हो गई है ।क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली कांगड़ा रेल लाइन का बुरा हाल हो गया है ।91 साल पुरानी पठानकोट.जोगिंदरनगर नैरोगेज लाइन आजादी से पहले मई 1926 में अंग्रेजों ने बनाई थी कांगड़ा और मंडी के लोगों के लिए यह रेल योजना। अक्सर मोदी सरकार में भी रेल कार्यों में जम्मू-कश्मीर को एहमियत दी गई। आज जम्मू-कश्मीर में रेल सेवा विश्व के मानचित्र पर टूरिज्म के नजरिए से पहुंच गई लेकिन हिमाचल प्रदेश अभी तक इस मामले में काफी पिछड़ा हुआ है।

आखिरकार इसमें दोषी कौन है सांसद या रेल विभाग की वरिष्ठ अफसरशाही। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने अपने शासनकाल में यूपी, सरकार से देश में पहाड़ी राज्यों के विकास के आर्थिक तौर पर अलग से पैकेज करने की वकालत की थी।

# नाकाबंदी करके 7.77 ग्राम चिट्टा मौके पर बरामद

**विजय समयाल**

**कांगड़ा: जिला** पुलिस नुरपुर की नारकोटिक्स विजीलेंस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नुरपुर थाने के अन्तर्गत पठानकोट मंडी राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर ढक्की के समीप हनुमान मंदिर के आस-पास नाकाबंदी करके एक काले रंग की गाड़ी से 7.77 ग्राम चिट्टा मौके पर बरामद करने में सफलता प्राप्त की। यह जानकारी जिला पुलिस नुरपुर के अधीक्षक अशोक रत्न ने देते हुए बताया कि कार में सवार तीन लोग थे जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थी। कार में सवार ये लोग जसूर की तरफ से शायद धर्मशाला की तरफ चिट्टे की सप्लाई करने जा रहे थे। नारकोटिक्स पुलिस की टीम ने एन



डी एंड पी एस एक्ट में यह मामला नूरपूर थाने में दर्ज करके तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमे की एफआईआर का नम्बर 112/26/04/2024 है। तीनो आरोपीयों के नाम शमी कुमार पुत्र दलजीत निवासी छन्नी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश व रोशनी देवी पत्नी विजय कुमार निवासी छन्नी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश व नीना देवी पत्नी सोहन लाल निवासी छन्नी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश है जिस गाड़ी में ये लोग बैठकर जा रहे थे उसका नंबर पी सी 06जेड-0569है जिसे पुलिस ने बाउंड कर लिया है। इस मामले की छानबीन जिला पुलिस नूरपुर अधीक्षक अशोक रत्न खुद कर रहे हैं। तीनों आरोपियों को देर रात पुलिस रिमांड के लिए नूरपूर की अदालत में पेश किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### समस्या या सुझाव के लिए कमरा नंबर 111 में करें संपर्क: मनकोटिया

**राजन पुरी**

**ऊना:** क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में मरीजों को उपचार संबंधी किसी भी प्रकार के सुझाव, शिकायत या समस्या के लिए कमरा नंबर 111 में संपर्क करें। यह जानकारी क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ संजय मनकोटिया ने दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव कुमार वर्मा से चर्चा करने के उपरांत जनहित में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सुझाव, शिकायत व समस्या को लेकर कमरा नंबर 111 के बाहर लगे सुझाव / शिकायत बॉक्स में अपने सुझाव, शिकायत या समस्या लिखित रूप में डाल दें, ताकि इनका समाधान शीघ्र किया जा सके।

### 30 से शुरू हो रहा महिला दर्जी व फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण: अरविंद

**राजन पुरी**

**ऊना:** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ऊना कार्यालय में महिला दर्जी प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। जानकारी देते हुए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक अरविंद ठाकुर ने बताया कि 18 से 45 वर्ष की आयु के बेरोजगार युवाओं को पंजाब नेशनल बैंक के सौजन्य से निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। निशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ सामग्री, खाने-पीने की सुविधा, वर्दी तथा रहने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत उन्हें प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे। साथ ही साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए बैंक लोन सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण 30 दिवसीय रहेगा। इच्छुक प्रतिभागी आधार कार्ड, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड के साथ तीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर पीएनबी आरसेटी कार्यालय ऊना में 29 अप्रैल तक संपर्क साध सकते हैं।

### सिंगा व दुलैहड़ में अवैध शराब सहित दो काबू

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना टाहलीवाल के तहत सिंगा व दुलैहड़ में पुलिस ने दो व्यक्तियों को अवैध शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने दोनों को अवैध शराब रखने पर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक टाहलीवाल पुलिस शुक्रवार शाम को सिंगा में गोंदपुर रोड़ पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने मनोहर लाल निवासी बीटन के पास से 10 बोतल देसी शराब बरामद की गई। वहीं दूसरा मामला दुलैहड़ का है, जहां पर पुलिस ने सतनाम सिंह निवासी होशियारपुर, पंजाब के पास से 11 बोतल देसी शराब बरामद की है। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### भाजपा किसान मोर्चा ने मजदूरों की दिहाड़ी निश्चित करने की लगाई गुहार

**राजन पुरी**

**ऊना:** गेहूं की फसल कटाई को लेकर मजदूरों द्वारा मांगी जा रही मन माफिक दिहाड़ी किसानों के गले नहीं उतर पा रही, जिसके चलते उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसी मामले को लेकर जहां किसान और मजदूर आमने-सामने तक हो चुके हैं वहीं अब भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने इस मुद्दे को लेकर शनिवार को जिला प्रशासन से मुलाकात की और डीसी जतिन लाल को एक ज्ञापन पत्र भेंट करते हुए इस समस्या का स्थाई हल करने की मांग की। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर और जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह की अध्यक्षता में तमाम पदाधिकारी जिला प्रशासन के द्वार पहुंचे थे। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलवंत ठाकुर ने कहा कि गेहूं की फसल कटाई के लिए मजदूरों द्वारा 900 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक दिहाड़ी मांगी जा रही है। फसल कटाई के लिए इतनी मजदूरी देना किसानों के बस में नहीं है। किसानों को जहां एक तरफ आर्थिक नुकसान उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ मजदूरों के नहीं मिलने से फसल खेतों में बर्बाद हो रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने उपायुक्त को ज्ञापन पत्र प्रदान किया है और मांग उठाई है कि गेहूं की फसल कटाई के लिए दिहाड़ी निश्चित की जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार के आर्थिक बोझ तले दबाने से बचाया जा सके। दूसरी तरफ उन्होंने चेतावनी भी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने इस मामले का समाधान नहीं किया तो भाजपा किसान मोर्चा उग्र प्रदर्शन करने से भी पीछे नहीं हटेगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद, जिला

# सबको सम्मान-सबको अधिकार, राज्य सरकार का विकास मंत्र : मुख्यमंत्री


## धनबल को जनबल से हराने का समय आ गया है

**चमन शर्मा**

**शिमला:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि लगभग डेढ़ वर्ष के छोटे से कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश हित के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सबको सम्मान, सबको अधिकार के मंत्र के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास हो, युवाओं को रोजगार मिले, बच्चों का बेहतर भविष्य बने, महिलाएं आत्मनिर्भर बनें तथा किसान व मजदूर आर्थिक रूप से सशक्त बनें, इसके लिए

**सुक्खू ने कहा**

**8 डेढ़ वर्ष के छोटे से कार्यकाल में वर्तमान राज्य सरकार ने प्रदेश हित के लिए समर्पित भाव से कार्य किया है।**



राज्य सरकार दिन-रात मेहनत कर रही है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हमने लैंड सीलिंग एक्ट में संशोधन कर बेटियों को बेटे के बराबर दर्जा प्रदान किया है। आम आदमी की राजस्व से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने के लिए नियमों में बदलाव किया और राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन अदालतों के माध्यम से लंबित लाखों राजस्व मामलों का निपटारा किया गया है और लोगों को बड़ी राहत प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मात्र डेढ़ साल में ही राज्य सरकार ने 10 में से 5 प्रमुख चुनावी गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने वर्तमान राज्य सरकार को पांच साल के लिए चुना है और हम अपने सभी वायदों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही वर्तमान राज्य सरकार की ताकत है। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा ने धनबल का इस्तेमाल कर वोट की ताकत का निरादर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 6 विधायक धन बल के प्रभाव में आकर बिक गए और जनता के साथ विश्वासघात किया। उनके स्वार्थ ने प्रदेश की जनता पर 6 उपचुनावों का अनावश्यक बोझ डाल दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के साथ किए गए विश्वासघात को सहन नहीं किया जा सकता तथा अब धनबल को जन बल से पराजित करने का वक्त आ गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2027 तक हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने भरसक प्रयास कर रही है

# पीआरओ और एपीआरओ के लिए प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना:** लोकसभा चुनाव और कुटलैहड़ विधानसभा में होने वाले उप चुनाव के दृष्टिगत शनिवार को बंगाणा कॉलेज में चुनावी डयूटी देने वाले पीआरओ और एपीआरओ को प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास करवाया गया। प्रथम चुनावी पूर्वाभ्यास में उप निर्वाचन अधिकारी एवं उपमंडल अधिकारी बंगाणा सोनू गोयल ने शिरकत की। इस दौरान उपमंडल अधिकारी ने चुनावी डयूटी पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों से आहवान किया कि वे चुनावी रिहर्सल के दौरान दी जानी वाली व्यवहारिक जानकारी को बखूवी ग्रहण करें तथा चुनावों से संबंधित अपनी डियूटी को पूर्ण लगन व निष्ठा से निभाएं। इस प्रथम पूर्वाभ्यास प्रक्रिया में 168 पीआरओ और 142 एपीआरओ ने भाग लिया।

चुनावी रिहर्सल कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया तथा इस दौरान इस्तेमाल होने वाली सामग्री के अलावा ईवीएम व वीवीपैट मशीनों के संचालन का प्रेक्टिल अभ्यास कराया गया। इसके अलावा चुनावी डयूटी के लिए तैनात किए गए अधिकारियों को पीपीटी के माध्यम से भी चुनाव संबंधी सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध करवाई गई।

इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुभाष अत्री, तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार, नायब तहसीलदार अभिराय सिंह शर्मा, नायब तहसीलदार निर्वाचन अजय शर्मा, लिपिक जीवन शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# चुनाव में बड़ी जीत हासिल करेगी कांग्रेस पार्टी: पठानिया

**चमन शर्मा**

**शिमला:** उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने आज यहां कहा कि आने वाले चुनावों में हिमाचल प्रदेश के मतदाता खरीद फरोख्त की राजनीति को करारा जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक चुनी हुई सरकार को धनबल से गिराने की साजिश रची जोकि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को क्लंकित करने के कुकृत्य को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें और 6 विधानसभा सीटों पर हो रहे उपचुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी मतों से विजय हासिल करेगी। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक आम परिवार से निकलकर कड़ी मेहनत के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे हैं, इसीलिए वे जन समस्याओं से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने जन कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं तैयार की और उन्हें धरातल पर उतारा। मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सीधे बालिका आश्रम गए और उनकी मुश्किलों को समझते हुए अनाथ बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना शुरू की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने देश के इतिहास में पहली बार अनाथ बच्चों के लिए कानून बनाकर उन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाया। उप मुख्य सचेतक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आकर प्रदेश की महिलाओं के साथ किए गए 1500 रुपए प्रति माह पैंशन प्रदान करने के वायदे को पूरा करके एक इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता बार बार चुनाव आयोग के पास जाकर पैंशन को रोकने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन भाजपा के विरोध के बावजूद वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पैंशन हर हाल में प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि जून महीने में 3000 रुपए महिलाओं के खाते में जमा किए जाएंगे।

### पंजावर में तीन कनाल गेहूं की फसल में लगी आग

**राजन पुरी**

**ऊना:** उपमंडल हरोली के तहत पंजावर में एक किसान के खेतों में खडी गेंहू की फसल में आग लग गई। आग की चपेट में आने से तीन कनाल गेंहू जलकर राख हो गई, जिसमें करीब 12 हजार रुपये का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पाया। जानकारी के मुताबिक शनिवार सुबह अमित चौधरी वार्ड नंबर एक पंजावर की तीन कनाल गेहूं को अज्ञात कारणों से आग लग गई। फसल को आग लगने से करीब 12 हजार का नुक्सान हुआ है। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर नियंत्रण पाया। डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

# चलती स्कूल बस से निचे गिरी तीसरी कक्षा की छात्रा, टायर की चपेट में आने से मौत

**राजन पुरी**

**ऊना:** पुलिस थाना बंगाणा के तहत भलेती में एक स्कूल बस से तीसरी कक्षा की छात्रा गिर गई। बस के टायर की चपेट में आने से 9 वर्षीय छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक छात्रा की पहचान अर्शिता पुत्री विवेक शर्मा निवासी बंगाणा के रूप में हुई है। बंगाणा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं स्कूल बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक अर्शिता शनिवार सुबह रोजाना की तरह ठंडी खुई से शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह के लिए स्कूल बस में सवार होकर जा रही थी। इसी दौरान जब बस स्कूली बच्चों को लेकर भलेती पहुंची,

तो अचानक बस का अगला दरवाजा खुल गया। दरवाजा खुलने के साथ ही अर्शिता बस से नीचे गिर गई और टायर की चपेट में आ गई। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बस में परिचालक भी नहीं था। सूचना मिलने के बाद बंगाणा पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लिया। वहीं एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल भी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। वहीं बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि

### डीएवी अंबोटा में बैगलेस डे आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना:** डीएवी पब्लिक स्कूल अंबोटा में शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को नवमी व दसवीं के छात्रों के लिए बैगलेस डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जो छात्रों को आकर्षित करने, खुश रखने व स्वस्थ बनाने का मकसद रखती है। इस अवसर पर जीरो हंगर थीम पर खेलकूद, रोल प्ले नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियों आयोजित की गई।

# प्रयास हुए बढाने के, तीन बार से लगातार घटता गया मत प्रतिशत

**गिरावट**

**8 -वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत हुआ था मतदान, 2024 में 49.49 रह गया**



**मथुरा**

शिक्षा बढी है। लोग जागरूक हुए हैं और डिजिटल भी। चुनाव आयोग और राजनीतिक दलों को जनता तक अपना संदेश पहुंचाने के अतिरिक्ति माध्यम मिले हैं। हाथों में मोबाइल, कंप्यूटर आ गये हैं। चुनाव आयोग ने पिंक बूथ से लेकर सेल्फी पाइंट तक बनाये, जागरूकता रैली निकाली गईं। कलाकारों से लेकर उद्योगपतियों तक ने वोट डालने की अपील की। 2014 से 2024 तक तीन लोकसभा चुनावों के लिए मतदान हुआ है। कान्हा की नगरी में हर साल मत प्रतिशत गिरता चला गया। जबकि इस बीच चुनाव आयोग ने भी लगातार मत प्रतिशत बढाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए हैं। वर्ष 2014 में 64.10 प्रतिशत वोट पढे थे। 2019. में 61 प्रतिशत मतदान हुआ और 3.10 प्रतिशत कम वोट पडे। 2024 में यह मत प्रतिशत में बडी गिरावट आई और यह 50 प्रतिशत से भी नीचे आ गया। यह गिरावट 11.51 प्रतिशत की रही है और मत प्रतिशत में आई यह भारी गिरावट सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आंकड़े बाज भी आंकड़ों में उलझ गये हैं।

मत प्रतिशत इतना कम रहेगा, इसका अंदाजा किसी को नहीं था। मथुरा लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान संपन्न हुआ। मतदान के दौरान और इसके बाद सभी प्रत्याशियों ने अपनी जीत के दावे किये हैं। मतदान के बाद सबसे ज्यादा चर्चा कम मतदान को लेकर है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा संसदीय सीट के लिए 49.49 फीसदी मतदान हुआ। मतदान कम होने के पीछे गर्मी और कई गांवों में मतदान बहिष्कार या देरी से शुरू होने की वजह बताई जा रही है। प्रशासन ने मतदान के लिए जनपद भर में 2128 बूथ बनाए थे। 1929549 मतदाताओं में से 28.03 फीसदी पुरुष और 21.44 फीसदी महिला मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद देर रात तक पोलिंग पार्टियों ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा करा दी। अब 4 जून को मतगणना के बाद ही तय होगा कि मथुरा से 18 वां सांसद कौन होगा। वर्ष 1786187 जिले में कुल मतदाता थे। जिसमें 962911 पुरुष मतदाता तथा 823276 महिला मतदाता थीं।

### आशा वर्करों को बीसीजी अभियान बारे किया जागरूक

**राजन पुरी**

**ऊना:** स्वास्थ्य खंड अंब की सभी आशा कार्यकताओं की खंड स्तरीय बैठक ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर राजीव गर्ग की अध्यक्षता में सिविल हॉस्पिटल अंब में आयोजित हुई। बैठक में जिला से कार्यक्रम अधिकारी डॉ रमेश रातू, डॉक्टर विशाल व डॉक्टर अंकित ने विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉक्टर रमेश रातू ने बीसीजी अभियान में ज्यादा से ज्यादा लोगों को टीकाकरण करवाने के लिए आशा वर्कर को प्रेरित किया। डॉक्टर विशाल ने मातृत्व सेवाओं और सुदृढ़ करने के लिए और संक्रामक रोगों का समुदाय में बेहतर प्रबंधन करने के लिए समुदाय से जुड़े हुई आशा कार्यकताओं से सीधा संवाद किया और उनको महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करवाया। इस अवसर पर वर्ल्ड मलेरिया डे भी मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर जूही मिन्हास, डॉक्टर दिनेश चंद, सुनील कुमार, राजेश शर्मा, नीरज कुमार, रामपाल शर्मा व दिनेश कुमार उपस्थित रहे।

### एमआईए डीएवी स्कूल में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

**राजन पुरी**

**ऊना:** एमआईए डीएवी पब्लिक स्कूल मैहतपुर के प्रांगण में शनिवार को 33वां स्कूल स्थापना दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका सुरेश कुमारी की अध्यक्षता में गायत्री महायज्ञ का आयोजन पूरे श्रद्धा भाव से किया गया। इसमें मुख्य यजमान विद्यालय प्रबंधकीय समिति के अध्यक्ष अरुण नैय्यर एवं रोजी नैय्यर रहे। इसके अतिरिक्त विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू शर्मा, उप प्रधानाचार्या सीमा वोहरा, प्रोफेसर वीएस जसवाल, विजय ला, बीएस चंदेल, आरके द्विवेदी, एएनएम इंटरनेशनल स्कूल टाहलीवाल की प्रधानाचार्या विजेता राणा, एमआर शर्मा, ओपी रतन एवं सीआर कौशल भी उपस्थित रहे।

### फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए नौ श्रद्धालु, किया भर्ती

**मथुरा**

धार्मिक नगरी वृंदावन में एक बार फिर खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। दूषित पेयजल और खाद्य पदार्थ सेवन करने से आधा दर्जन से अधिक श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। जिन्हे सौ शैय्या अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के जिला बैतूल के गांव तवा काठी से 18 श्रद्धालुओं का समूह रविवार की सुबह वृंदावन के गौशाला नगर स्थित नित्यानंद आश्रम पहुंचा। बुधवार की शाम श्रद्धालुओं ने नगर निगम चौराहे पर सड़क किनारे खड़ी ढकेलों से खरीदकर खाद्य पदार्थों का सेवन किया। साथ ही वहां मौजूद नल से पानी पीया। इसके बाद देर रात करीब एक बजे समूह में से नौ लोगों को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हो गई।

# पदाधिकारियों से बैठक करने ऊना पहुंचे संसदीय चुनाव प्रभारी

**राजन पुरी**

**ऊना:** कांग्रेस पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी नियुक्त किए गए अनीस अहमद शनिवार को ऊना जिला के एकदिवसीय प्रवास पर पहुंचे। कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने गर्मजोशी से प्रभारी का स्वागत किया।

अनीस अहमद ने इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेकर लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की। इस अवसर पर संसदीय क्षेत्र के सह प्रभारी डॉ धीरज देसाई भी मौजूद रहे।

**रणनीति**

**8 अनीस अहमद ने महत्वपूर्ण बैठक में भाग लेकर लोकसभा चुनाव की रणनीति तैयार की।**

पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुए अनीस अहमद ने भारतीय जनता पार्टी पर एक के बाद एक कई हमले किए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जनता में भारी रोष है और आने वाले लोकसभा चुनाव के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के 6 विधानसभा उपचुनाव में भी जनता भाजपा को जमीन दिखाने वाली है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय भाजपा प्रदेश की जनता के साथ खड़ी होने से बचती रही, लेकिन कांग्रेस के विधायकों को खरीदने के लिए भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में कांग्रेस की चुनी हुई सरकारों को तोड़ा था। यही प्रयास भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में भी करने का सोचा, लेकिन यहां उन्हें मुंह की खानी पड़ी है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ देश भर की जनता में भारी गुस्सा है और आने वाले चुनाव में वोट की ताकत से जनता यह गुस्सा भाजपा को दिखाने वाली है। अनीस अहमद ने कहा कि कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है लगातार प्रत्याशी घोषित किये जा रहे हैं। सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए मैदान में भी डट चुके हैं। संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी को लेकर पूछे सवाल का जवाब देते हुए अनीस अहमद ने कहा कि हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस का केवल मात्र एक आवेदन सतपाल रायजादा के नाम का गया है और इसी पर अंतिम मोहर भी हाई कमान द्वारा लगाई जा रही है।

# पन्ना प्रमुख सम्मेलन महाराणा ग्राउंड जवाली में हुआ

**विजय समयाल**

**कांगड़ा :** विधानसभा क्षेत्र जवाली में भाजपा मंडल जवाली का पन्ना प्रमुख सम्मेलन महाराणा ग्राउंड जवाली में भाजपा नेता संजय गुलेरिया व मंडलाध्यक्ष धीरज अत्री की अध्यक्षता में हुआ जिसमें प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने मुख्य तौर पर शिरकत की जबकि कांगड़ा-चंबा लोस क्षेत्र के प्रत्याशी डॉ राजीव भारद्वाज, पूर्व मंत्री डॉ हरबंस राणा ने विशेषतौर पर शिरकत की। मुख्यातिथि त्रिलोक कपूर का भाजपा नेता संजय गुलेरिया, पूर्व मंत्री डॉ हरबंस राणा सहित कार्यकताओं द्वारा फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा प्रत्याशी



डॉ राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में भाजपा चारों सीटों पर जीत का परचम फहराएगी तथा कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेगी। उन्होंने बारिश व ओलावृष्टि के बावजूद पंडाल में डटे कार्यकताओं के मनोबल को देखकर कहा कि यही उत्साह भाजपा को जीत की तरफ ले जाएगा। उन्होंने भाजपा नेता संजय गुलेरिया की भी इस कार्यक्रम को करवाने के लिए उनका थैंक्स कहा। पूर्व मंत्री डॉ हरबंस राणा ने कहा कि भाजपा ही निश्चित तौर पर चारों सीटों को जीतेगी तथा नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। मुख्यातिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि जवाली की जनता में भाजपा के प्रति एक जोश है तथा यही वजह है कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में बारिश व ओलावृष्टि में भी कार्यकताओं का उत्साह बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बार 400 का लक्ष्य पार करेगी तथा नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रमेश राणा, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष रवि कुमार, मंडल महामंत्री डॉ राजिंदर सिंह, एचएस मस्ताना, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र गुलेरिया, सचिव सुलक्षण शर्मा कौल, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शालू नाथ, पूर्व प्रधान राकेश पटियाल, पूर्व जिला परिषद रविन्द्र इंदी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री दिनेश निखिल, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रदीप शर्मा, पूर्व प्रधान योगराज मेहरा, नपं पार्षद तिलक रपोत्रा, सुरिंदर, पूर्व मनोनीत पार्षद नीतू कुमारी, चैन सिंह पगडोत्रा, दिनेश शर्मा, भाजयुमो अध्यक्ष लब्बू परमार, शिंपू परमार, अखिल मन्हास, निखिल, शोभा डढवाल, तरुण शर्मा, अम्मू मन्हास, अश्विनी शर्मा, हंस राज खाबला, अनुपम मुखर्जी, गुरमीत कौर, अंजना, ईशा, कुसुम मन्हास, सरोज कुमारी सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीपीएस में हुई एकल नृत्य व सलाद मेकिंग प्रतियोगिता

**राजन पुरी**

**ऊना:** वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बच्चों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए शनिवार को विभिन्न प्रतियोगिता करवाई। कथा पहली से चौथी तक बच्चों ने एकल नृत्य प्रतियोगिता, पांचवी से दसवीं तक के बच्चों के लिए मौसमी फलों व सब्जियों का प्रयोग कर स्वस्थ रहने के उद्देश्य से सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। एकल नृत्य प्रतियोगिता में स्ट्रॉबेरी ग्रुप से विधि, जसनूर कौर, अनायशा राणा व सुहानी प्रथम, आराध्या द्वितीय, मितांश शर्मा व अवनि शर्मा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से प्रिशा

**प्रतियोगिता**

**8 वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में बच्चों के रचनात्मक कौशल को विकसित करने के लिए प्रतियोगिता करवाई।**

शर्मा व अनवी राणा प्रथम, आकर्षिका व अक्षिता द्वितीय तथा कीरत, दिवांशी, कृषिका व रूही तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप से कायरा पठानिया, स्वरा भारद्वाज प्रथम, तनिष्ठा राणा, प्रिशा चौहान द्वितीय, काशवी भारद्वाज, रियांश भारद्वाज तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से रूहानी कौशल व कनवी प्रथम, परिधि राणा व कनिष्का द्वितीय, आरवी शर्मा व यादवीर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सलाद मेकिंग प्रतियोगिता में आरेंज ग्रुप से जिया, अंबिका, अंतरा व अनाया प्रथम, एकांशी कौशल, कोमल, ऐंजल व आराध्या भारद्वाज द्वितीय तथा सक्षम शर्मा, सक्षम राणा, विहान शर्मा, दिव्यम सोनी तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी। स्कूल प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों की प्रतिभा को निखरने का मौका मिलता है।

